भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 11
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)

रोजगार मेला

11. श्री मनीष जायसवाल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए झारखंड राज्य के हजारीबाग में रोजगार मेला स्थापित करने की योजना है;
(ख) यदि हां, तो इस पहल की प्रमुख विशेषताओं और उद्देश्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कैसे लागू किया जाएगा;
(ग) रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी चाहने वालों को संभावित नियोक्ताओं से प्रभावी रूप से जोड़े जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(घ) सरकार किस प्रकार से यह सुनिश्चित करेगी कि रोजगार मेला विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं की अधिकतम संख्या तक पहुंचे और उन्हें लाभान्वित करे;
(ङ) रोजगार मेला पहल की सफलता के लिए प्रत्याशित परिणाम और मीट्रिक क्या है; और
(च) इस पहल को किस तरह से मापा और रिपोर्ट किया जाता है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क) से (च) रोजगार मेला युवाओं के बीच रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। राज्य सरकारों/मंत्रालयों/विभागों आदि द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत नियमित रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं।

वर्ष 2023-24 के दौरान झारखंड राज्य (हजारीबाग जिले सहित) में राज्य रोजगार कार्यालयों/आदर्श करियर केंद्रों द्वारा आयोजित रोजगार मेलों का विवरण निम्नानुसार हैः

2023-24	रोजगार मेलों की संख्या	नियोक्ताओं ने भाग लिया	रोजगार चाहने वालों ने भाग लिया	रोजगार चाहने वालों का अस्थायी रूप से चयन किया गया
झारखंड	459	1923	51495	22,827

राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों द्वारा रोजगार मेलों के आयोजन को सुव्यवस्थित करने के लिए, इस मंत्रालय ने रोजगार मेलों के प्रभावी ढंग से आयोजन के लिए अप्रैल, 2023 के दौरान दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशानिर्देशों में रोजगार चाहने वालों को प्रभावी ढंग से संगठित करना, रोजगार मेले के लिए स्थल का चयन, रोजगार मेलों के लिए ब्रांडिंग और प्रचार, रोजगार मेलों के लिए स्टॉल और काउंटर लगाना, रोजगार अधिकारियों और जन-प्रतिनिधियों के साथ समन्वय, पंजीकरण और रोजगार मेले के आंकड़ों की रिपोर्टिंग आदि शामिल हैं।

*****